प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- लोजपा–आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा– एनडीए के साथ सीट शेयरिंग नहीं होने पर पार्टी झारखंड में अकेले लड़ेगी चुनाव।
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर खनिज संपदा लूटने और साइकिल वितरण योजना में चालीस प्रतिशत कमीशनखोरी का लगाया आरोप।
- जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा विवाद मामले में शिकायतकर्ताओं और छात्र संघों को कार्यालय घेराव नहीं करने का जारी किया नोटिस, कहा– राजभवन से मिले दस्तावेजों के आधार पर जारी है जांच।
- जूनियर महिला हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप का चौदहवां संस्करण आज से रांची में हो रहा शुरू, प्रतियोगिता में 26 टीमें ले रहीं भाग।

******************

लोक जनशक्ति पार्टी–आर. के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर अगर एनडीए के साथ सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं बनेगी तो पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। चिराग ने कहा कि पार्टी ने तय कर लिया है कि चुनाव हर हाल में लड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी दोनों पहलुओं पर विचार कर रही है। धनबाद में आक्रोश रैली के बाद उन्होंने कहा कि झारखंड में इंडी गठबंधन से न सिर्फ राज्य को बल्कि देश को भी खतरा है।

******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सरकार पर पांच वर्षों तक बिचौलियों के साथ मिलकर खनिज संपदा लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में चल रही साइकिल वितरण योजना में 40 प्रतिशत कमीशनखोरी हो रही है। श्री मरांडी रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

श्री मरांडी ने कहा कि अभी तक झारखंड में भाजपा की परिवर्तन यात्र उम्मीद से ज्यादा सफल रही है। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को परिवर्तन यात्रा का समापन हजारीबाग में होगा। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे।

******************

असम के मुख्यमंत्री और विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज रांची के टाटीसिल्वे में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। वहीं ओड़िशा के सीएम मोहन चरण मांझी आज पश्चिमी सिंहभूम में जगन्नाथपुर जमनी मैदान में परिवर्तन सभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एक अक्टूबर को बोकारो जिले के चंदनक्यारी में विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। वे बोकारो परिसदन में बोकारो विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद जैना मोड़ में बेरमो विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। श्री वाजपेयी 2 को हजारीबाग में परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

******************

कोल इंडिया के कर्मियों को इस बार दुर्गा पूजा से पहले 93 हजार 750 रूपये बोनस मिलेगा। नयी दिल्ली में मानकीकरण समिति की बैठक में बोनस पर अंतिम रूप से सहमति बनी। हालांकि बोनस की इस रकम पर इंटक ने असंतोष जताया है।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षा विवाद मामले में शिकायतकर्ताओं और छात्र संघों को पत्र लिखकर बिना सूचना के कार्यालय का घेराव नहीं करने का नोटिस जारी किया है। जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि निर्देशों का उल्लंघन होने पर कार्रवाई की जायेगी।

इधर सीजीएल परीक्षा में अनियमितता के आरोप में जेएसएससी कार्यालय का घेराव करने के लिए हजारीबाग से सैकड़ों छात्र रांची के लिए निकल पड़े हैं। छात्रों ने परीक्षा में धन–बल के जरिए प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगाया है। छात्रों ने राज्य सरकार से सीजीएल परीक्षा रद्द कर फिर से परीक्षा लेने की मांग की है।.

******************

पाकुड जिले में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चल रही गतिविधियों में जनभागीदारी ने इसे अभियान का रूप दे दिया है।

******************

रामगढ़ के सिरका कहुआ बेड़ा इलाके के एक ही परिवार की तीन बच्चियों की दामोदर नदी में डूबने से मौत हो गई। एक–दूसरे को बचाने में तीनों बहनों की जान चली गयी। इनमें एक 15 वर्षीय छाया और दो सगी बहनों में 10 वर्षीय सिमरन और 8 वर्षीय संध्या है। घटना की जानकारी मिलते ही तीनों को रामगढ़ स्थित एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन के तहत परिवार वालों को मुआवजा दिया जायेगा।

******************

गढ़वा जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के दुमुहवां जंगल में जंगली हाथियों के झुंड ने एक 50 वर्षीय महिला को कुचल कर मार डाला जबकि एक महिला घायल हो गयी। इधर, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ रमकंडा–भंडरिया मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। वनपाल कमलेश कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को मुआवजे उपलब्ध कराने की बात कही।

******************

14वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप–2024 आज से रांची में शुरू हो रही है। इस प्रतियोगिता में खिताब के लिए 26 टीमें आमने–सामने होंगी। प्रत्येक पूल में शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीमें 7 अक्टूबर को क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। इसके बाद 9 अक्टूबर को सेमीफाइनल होगा। सेमीफाइनल की विजेता टीमें खिताब के लिए एक दूसरे से फाइनल में भिडेंगी, जबकि इसमें हारने वाली टीमों का मुकाबला 10 अक्टूबर को कांस्य पदक के लिए होगा।

******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कोलकर्मियों को मिलने वाले बोनस पर सहमति बनने की खबर को पहली सुर्खी बनायी है।

इसके अलावा...

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सीजीएल परीक्षा विवाद मामले में जेएसएससी ने शिकायतकर्ताओं को दिया नोटिस।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – 19 लाख लोगों को पर्ची नहीं देने और विवादों से एनआरसी अधूरा।

प्रभात खबर ने सीएम हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– राजधानी में एक दर्जन फ्लाइओवर बनायेंगे, मेट्रो ट्रेन भी चलायेंगे।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– एक देश–एक चुनाव के लिए तीन विधेयक ला सकती है सरकार।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने रामगढ़ में दामोदर नदी में तीन बच्चियों के डूबकर मरने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है। वहीं हिन्दुस्तान टाइम्स ने मध्य प्रदेश में ट्रक और बस की टक्कर में 9 यात्रियों की मौत और 20 लोगों के घायल होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

******************